भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 311
03 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महाराष्ट्र में नेशनल टेली मेन्टल हेल्थ प्रोग्राम

311. श्री संजय काका पाटील:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में नेशनल टेली मेन्टल हेल्थ प्रोग्राम शुरू किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) महाराष्ट्र में इसके लिए कितना बजट आवंटित किया गया है;
(ग) क्या पूरा महाराष्ट्र राज्य इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो राज्य के कौन-से क्षेत्र इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल हैं; और
(घ) क्या सरकार का कार्यक्रम की सेवाएं 0900 बजे और 1700 बजे के बीच के बजाय चौबीसों घंटे प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): महाराष्ट्र में राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम दिनांक 30.10.2022 से कार्य कर रहा है। राज्य टेली मानस प्रकोष्ठ क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल-ठाणे, क्षेत्रीय मानसिक अस्पताल-पुणे और जराचिकित्सा स्वास्थ्य और मानसिक रोग केंद्र-अंबाजोगाई, बीड में स्थापित किए गए हैं। महाराष्ट्र के लिए परामर्शदाता संस्थान एम्स, नागपुर है।

(ख): महाराष्ट्र राज्य को 2,80,67,000/- रुपए की राशि जारी की गई है। निधियों का ब्यौरा (रु में) निम्नानुसार है:

राज्यसंघ राज्य क्षेत्र/	राज्य टेली मानस प्रकोष्ठ के लिए निधि	परामर्शदाता संस्थान के लिए निधि	डीएमएचपी इकाइयों के लिए निधि	कुल निर्गत राशि
महाराष्ट्र	2,21,55,000	23,30,000	35,82,000	2,80,67,000

(ग): पूरे राज्य में कार्यक्रम आरंभ किया गया है। महाराष्ट्र राज्य के सभी क्षेत्र टेली मानस के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकता है।

(घ): महाराष्ट्र राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य में राज्य टेली मानस प्रकोष्ठ 24X7 कार्य कर रहे हैं।

******